Regarding establishment of Sainik School in the name of Albert Ekka, PVC

श्री सुखदेव भगत **(**लोहरदगा**) :** सभापति महोदया, मैं वर्ष 1971 के इंडो-पाक वार के हीरो, पूरे पूर्वोत्तर भारत के एक मात्र देश के सर्वोच्च सैनिक सम्मान परम वीर चक्र के विजेता लांस नायक अल्बर्ट एक्का जी के नाम पर अपने संसदीय क्षेत्र गुमला में एक सैनिक स्कूल खोलने की मांग करता हूं, जो उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी । यह क्षेत्र आदिवासी बहुल क्षेत्र है । पुलवामा की बात हो या कारगिल की बात हो, वहां के काफी सैनिक शहीद हुए हैं । इसलिए मैं आपके माध्यम से अनुरोध करता हूं कि परमवीर चक्र विजेता अल्बर्ट एक्का जी के नाम पर एक सैनिक स्कूल गुमला जिले में खोला जाए। उनके प्रति यह सच्ची श्रद्धांजलि होगी । धन्यवाद ।

माननीय सभापति **:** श्री ई**.** टी**.** मोहम्मद बशीर जी ? उपस्थित नहीं ।

श्री राम प्रसाद चौधरी जी ? उपस्थित नहीं ।

श्री जुगल किशोर जी ? उपस्थित नहीं ।

श्री दिलीप शइकीया जी ? उपस्थित नहीं ।

श्री बी**.** के**.** पार्थसारथी जी ? उपस्थित नहीं ।

श्री कालिपद सरेन खेरवाल जी ? उपस्थित नहीं ।